NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

NCERT Fake Books: हजारीबाग में NCERT की नकली किताबों के कारोबार का भंडाफोड़, तीन दुकानों पर FIR

हजारीबाग: झारखंड के हजारीबाग में नकली एनसीईआरटी किताबों की बिक्री का मामला उजागर होने के बाद जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने शहर की तीन पुस्तक दुकानों के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

NCERT की नकली किताबें
आरोप है कि इन दुकानों में कक्षा 9 की नकली एनसीईआरटी किताबें बेची जा रही थीं। कार्रवाई के बाद शहर के पुस्तक कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जिन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें संगम बुक डिपो, ज्ञान भंडार-वन और ज्ञान भंडार-टू शामिल हैं। जिला प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि इन दुकानों पर एनसीईआरटी के नाम पर फर्जी किताबों की बिक्री की जा रही है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने मामले की जांच शुरू की।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/jharkhand/hazaribagh/ncert-fake-books-racket-busted-fir-lodged-on-3-shops-of-hazaribagh-jharkhand/articleshow/130990239.cms